कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 06-07-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी वाराणसी श्री एस0 राजलिंगम के साथ आगामी मोहर्रम, रथयात्रा मेला, श्रावण मेला के दृष्टिगत की गयी गोष्ठी।

- **जगन्नाथ रथयात्रा मेले में सादे वस्त्रों सहित पर्याप्त संख्या मे महिला पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती। सुरक्षा के होगें कड़े इंतजाम।**
- **सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी जूलूस मार्गो का भ्रमण कर समस्याओं का करे निस्तारण।**
- **जूलूसों पर ड्रोन व वीडियोग्राफी से रखी जायेगी नजर।**
- **संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेगी क्यूआरटी, अफवाह फैलाने वालो पर होगी कड़ी कार्यवाही।**
- **सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वो पर है सतर्क दृष्टि।**
- **यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत प्रभावी होगी रुट डायवर्जन।**

आज दिनांक 06-07-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी श्री एस0 राजलिंगम के साथ आगामी त्यौहार मोहर्रम, जगन्नाथ रथयात्रा मेला व श्रावण मेला की तैयारियों के दृष्टिगत कैम्प कार्यालय स्थित सभागार मे गोष्ठी की गयी। गोष्ठी मे पीस कमेटी की बैठकों के दौरान धर्म गुरुओं, ताजियादारों व संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं व सुझावों के निस्तारण व त्यौहार को स्वच्छ वातावरण मे शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने के संबंध मे परिचर्चा की गयी । इस दौरान बैठक में संयुक्त पुलिस आय़ुक्त(मुख्यालय एवं अपराध) डा0 के0 एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त(कानून एवं व्यवस्था) श्री एस0 चन्नप्पा सहित समस्त पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस उपायुक्त, अपर जिलाधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट, अपर नगर आयुक्त समेत विद्युत, जलकल, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे । बैठक के दौरान निम्न निर्देश दिये गये।

- **परंपरागत तरीके से मनाया जाये त्यौहार, नही होगी किसी नई परंपरा की शुरुआत।**
- **सीसीटीवी कैमरो की निगरानी व पुलिस गश्त बढ़ाई जाये।**

- जूलूस मार्गों पर जूलूस निकलने से पूर्व की जाये पेट्रोलिंग।
- ताजिया जूलूस के साथ रहे पर्याप्त पुलिस बल।
- संवेदनशील क्षेत्रों में रखें विशेष निगरानी।
- स्थानीय लोगों व ताजियादारों से निरंतर रखें संवाद।
- असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की जाय निरोधात्मक कार्यवाही।
- महत्वपूर्ण मार्गो पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाये।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।